## एक नजर में

### मच्छर एवं मलेरिया रोधक दवाओं का छिड़काव



**मून्दी।** नगर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप एवं बीमारियों से बचाव को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष ज्योतिबाला चंद्रमोहन राठौर एवं सीएमओ संजय जैन के निर्देश अनुसार नगर परिषद की टीम ने मैदान में उतर कर मच्छर एवं मलेरिया रोधक दवाओं का छिडकाव आधुनिक स्प्रे पंप से कराया। इस कार्य मे वाहन एवं राजस्व प्रभारी आकाश शर्मा, स्वच्छता प्रभारी अश्विन दलाल के द्वारा ट्रैक्टर वाहन से दवाई का छिड़काव कराया जा रहा है, जिसमें मच्छरों के प्रकोप से राहत मिलेगी साथ ही बीमारियां फैलने का खतरा भी नहीं रहेगा। नगर के वार्ड नं 11 में आधुनिक पंप से दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नितिन भगत ने बताया कि इस तरह नगर में दवाई का छिड़काव एक बहुत ही सराहनीय पहल है जिससे कम समय में अधिक जगह दवाई का छिड़काव होगा। साथ ही बढ़ते मच्छरों एवं मलेरिया के प्रकोप से राहत मिलेगी। वार्ड वासियो ने भी नगर परिषद की अनूठी पहल की सराहना की साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष, वार्ड पार्षद, सीएमओ, कर्मचारियों की सराहना की।

### मोतियाबिंद के 37 मरीजों को नि :शुल्क सर्जरी के लिए इंदौर भेजा

**खंडवा।** राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना में नि :शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ .अनिल तंतवार ने बताया कि शिविर में 82 मरीजों की आंखों की जाँच के बाद 48 मरीजों को मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए चयनित किया गया। मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चयनित इन मरीजों में से 37 को नि :शुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर तथा 6 मरीजों को मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खण्डवा भेज दिया गया है। सर्जरी के लिए चयनित मरीजों को आने जाने, इंदौर में रहने व खाने पीने की सभी सुविधाएं नि :शुल्क दी जाएंगी। इन मरीजों को फॉलोअप 19 सितंबर को पंधाना में किया जायेगा। शिविर मे आये मरीजों के परिजनों को नेत्र रोग संबंधी जानकारी देते हुए आँखों की देखभाल व सुरक्षा के लिए समझाइश भी दी गयी।

### लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन रवाना किया



**खंडवा।** आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को जिला न्यायालय परिसर से बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ममता जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विवादों को आपसी सहमति के आधार पर आसानी से सुलझाया जाता है, जिससे लोगों को तुरंत न्याय मिलता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण से दोनों पक्षों की जीत होती है। इस कारण से लोक अदालत में आकर अपने प्रकरणों का आपसी सहमति से समझौता कर प्रकरणों का निराकरण करने में सहयोग करें। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार मंडलोई, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, आशीष प्रताप सिंह, अरविंद सिंह टेकाम, वीरेन्द्र जोशी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरविंद सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पियूष भावे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नेत्रदान जागरूकता के विभिन्न आयोजनों के साथ नेत्रदान पखवाड़े का समापन



**खण्डवा।** राष्ट्रीय नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े का समापन समारोह 8 सितम्बर को सम्पन्न हुआ। सक्षम मालवा प्रान्त की सक्षम खण्डवा इकाई अध्यक्ष नारायण बाहेती, सचिव सुरेंद्रसिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा व लायन्स क्लब खण्डवा की अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़ के नेतृत्व में नेत्रदान देहदान व अंगदान जनजागृति समिति खण्डवा व जिला अंधत्व निवारण जिला समिति खण्डवा के सहयोग से राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक मनाया गया। समिति संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि नेत्रदान पखवाड़े में विभिन्न स्थानों पर नेत्रदान जागरूकता सन्देश युक्त बेनर, पोस्टर, नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन कर लोगो को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। 8 सितम्बर को नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। नेत्रदान जागरूकता पखवाड़े में 140 लोगो ने मरणोपरांत नेत्रदान के घोषणा पत्र भरकर दिए। जागरूकता कार्यक्रमो से प्रेरित होकर दो परिवारों ने अपने स्वजनों के निधन पर नेत्रदान किये वहीं 2 व्यक्तियों ने नेत्रदान के साथ ही देहदान का घोषणा पत्र भी भरकर दिया। पूर्व में समिति द्वारा सतत भागवत कथाओं, बड़े आयोजनों, बेनर, पोस्टर, रैली, व पम्पलेट के माध्यम से समिति के नारायण बाहेती, डॉ सोमिल जैन, नेत्र सहायक प्रहलाद तिरोले, अर्जुन, अनिल बाहेती, सुरेंद्रसिंह सोलंकी, डॉ राधेश्याम पटेल, घनश्याम वाधवा, राजीव शर्मा, राजीव मालवीय, सुनील जैन, गांधी प्रसाद गदले, रणवीर सिंघ चावला, चंचल गुप्ता, महेश पटेल, अखिलेश गुप्ता, व सदस्यों द्वारा, जागरूकता कर अब तक 514 लोगो के मरणोपरांत नेत्रदान कर कार्निया आई बैंक भेजे गए जिससे सैकड़ो लोगो को रोशनी प्राप्त हुई। 18 मृत देह भी मेडिकल कालेज को दान की गई। जागरूकता पखवाड़े के समापन जागरूकता कार्यक्रम मे पदाधिकारियो के साथ ही सनत श्रीमाली, राजू जोशी, रेखा रामस्नेही, सुशीला गदले, हेमलता पालीवाल, बी आर तिरोले ने भी नेत्रदान की जानकारी दी। पखवाड़े में प्रतिदिन विभिन्न माध्यमो से सक्षम, लायन, लियो सदस्यों ने नेत्रदान के प्रति जागरूक किया गया।

### राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक स्थगित

**खंडवा।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दल की बैठक 18 सितंबर को खंडवा में होना थी, जिसमें खंडवा, खरगोन, धार एवं बड़वानी के कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी भी शामिल होना थे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से यह बैठक स्थगित कर दी गई है। अब यह बैठक नवंबर माह में आयोजित होगी।

# खंडवा- बुरहानपुर समेत प्रदेश के सहकारी समिति कर्मचारियों की बड़ी हड़ताल शुरू

नवभारत न्यूज

**खंडवा। मध्यप्रदेश में सहकारी समिति के कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। प्रदेश भर में 55,000 से अधिक सहकारी समिति और सार्वजनिक वितरण प्रणाली ( पीडीएस ) के कर्मचारी एकजुट होकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।**

खंडवा जिले में सभी कर्मचारी कलेक्टर कार्यालय परिसर में धरने पर बैठकर जोरदार नारेबाजी कर तीन सूत्रीय मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

### यह हैं प्रमुख मांगे

कर्मचारियों ने बताया कि उनकी ना बीमा है ना पेंशन है। अन्य विभागों के कर्मचारियों की तरह उन्हें भी इसका लाभ दिया जाना चाहिए। जिला सहकारी समिति अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल ने बताया कि सरकार ने विधानसभा चुनाव के समय इन कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि उनकी जायज मांगें पूरी की जाएंगी। बावजूद इसके आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### आदेश के बावजूद ढीला रवैया

एक अन्य बड़ी मांग यह है कि 25 जुलाई 2024 को आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक द्वारा पत्र जारी कर समिति कर्मचारियों को अनुदान प्राप्त राशि में से निश्चित रकम देने का निर्देश था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है।



### 26 सितंबर को भोपाल में जुटेंगे कर्मचारी

मिश्रीलाल पटेल ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र समाधान नहीं निकला तो 26 सितंबर को प्रदेश भर के सभी सहकारी कर्मचारी भोपाल में एक बड़े आंदोलन के लिए एकजुट होंगे। इस आंदोलन के परिणामस्वरूप 105 सहकारी समितियां और 300 से अधिक पीडीएस केंद्र बंद रहेंगे, जिससे किसानों को समय पर खाद, बीज वितरण और ऋण वसूली में तथा आम जनता को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से अनाज प्राप्ति में गंभीर कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा।

### समितियां के कैडर से भर्ती क्यों नहीं?

पहली और महत्वपूर्ण मांग है कि सहकारी समिति से कैडर भर्ती का 60 प्रतिशत हिस्सा जिला बैंकों में होना चाहिए था, परन्तु आज तक यह नहीं हुआ। इसी तरह अक्टूबर 2023 में विक्रेता समिति कर्मचारियों को 3,000 रुपये प्रति व्यक्ति अधिक भुगतान का आदेश जारी हुआ था, परंतु यह राशि आज तक विक्रेताओं के खातों में नहीं पहुंची। जबकि प्रदेश के अन्य 18 जिलों में यह भुगतान पूरी तरह से किया जा चुका है।

### खंडवा, बुरहानपुर समितियों में काम बंद

जिले की 105 सहकारी समितियां और 52 बुरहानपुर जिले की समितियां काम बंद करके हड़ताल पर चली गई हैं। सहकारी कर्मचारी अपनी तीन प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रख रहे हैं।

# सीईओ .डॉ .गौड़ा ने मेगा हेल्थ कैंप की तैयारियों का जायजा लिया

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में मेगा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कमिश्नर इंदौर के निर्देश पर किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 14 सितम्बर को खंडवा विकासखंड के ग्राम कालमुखी के हायर सेकेन्ड्री स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने कालमुखी में स्वास्थ्य शिविर आयोजन स्थल पहुंचकर शिविर की तैयारियों का जायजा लिया।**

उन्होंने इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों के बैठने की व्यवस्था, दवा वितरण, ओ.पी.डी. की व्यवस्था व पैथोलॉजी संबंधित जांचों की बेहतर व्यवस्था की जाए।



डॉ. जुगतावत ने इस अवसर पर बताया कि स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, अत्याधुनिक मशीनों से की जाएगी।

इंदौर के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा भी सेवाएं प्रदान की जायेगी। कैम्प में मरीजों के पंजीयन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी रहेगी। शिविर में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजिस्ट, जनरल मेडिसिन, जनरल फिजिशियन, जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, शिशु रोग, बाल हृदय रोग, गेस्ट्रोलॉजी, नाक कान गला रोग, रेडियो थैरेपी, रेडियो डायग्नोसिस, स्त्री रोग विशेषज्ञ, कैंसर, सिकलसेल, टी.बी., लेप्रोसी, सिलोकोसिस हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, दन्त रोग, मानसिक रोग, चर्म रोग, क्षय रोग, कुष्ठ रोग जैसे विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इन रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जायेगा।

साथ ही मरीजों को एक्स-रे, ई. सी. जी., सोनोग्राफी, पेथालॉजी जांच, सिकल सेल जांच की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध होगी व दवाईयों का भी निःशुल्क वितरण किया जायेगा। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र, सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आवश्यक प्रबंध किया जाएगा।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुनासा शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर एवं जनपद सीईओ.खंडवा डॉ. कृष्ण सुशीर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजरंग बहादुर, शिविर नोडल अधिकारी डॉ.रश्मि कौशल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# खंडवा जेसी आई द्वारा सम्मान

नवभारत न्यूज

**खंडवा। प्रति अनुसार इस वर्ष भी जैसी सप्ताह का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर झुन-झुनवाला ,और झोन अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित किया।**

### जेसी सप्ताह का आगाज ध्वजारोहण के साथ बड़े धूमधाम से किया

इस अवसर का पूर्व विधायक राम ढागोरे ने ध्वजारोहण कर कहा की जेसी सप्ताहखेलकूद, प्रशिक्षण, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधि से भरा हुआ है। क्लब के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की में शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: ध्वजा रोहण के साथ शाम को गौरीकुंज सभागृह में मेघावी सम्मान, मौन सेवाभावी सम्मान में अतुल शाह ,सुभाष पटेल, रामचंद्र मौर्य, धर्मेंद्र जौहरी ,पवनशर्मा शर्मिष्ठा तोमर ,सहज ध्यान योग केंद्र, उड़ान ग्रुप, का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वहां क्या झांकी है के पुरस्कार भी वितरण किया गया। फिल्मी कलाकारों जिसमें आशीष पेंण्डसे, अथर्व विश्वकर्मा, देविक बघेला एवं युवा प्रतिभाओं का भी अतिथियों एवं जैसी जेसीआई अध्यक्ष सुजाता मोरे द्वारा सम्मान किया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमृता अमर यादव ने कहा कि जेसीआई जिस प्रकार का कार्य कर रही है उसके हर कार्यक्रम में मेरे आने की इच्छा होती है और मैं आती हूं। व्यक्तिगत विकास सेवा कार्यों के लिए जेसीआई हमेशा ही नया कार्य करती है। अनिल बाहेती ने बताया की निर्मल धाम की एक बालिका को अध्ययन के लिए गोद लिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुजाता मोरे ने कहां की ऐसे सम्मान से जेसीआई को आत्मिक शांति मिलती है कि हम इतने अच्छे लोगों का सम्मान कर रहे हैं।

सचिव प्रिंस जिंदल, रणवीर चावला, नागेश वालंजकर, ज्योति वालंजकर, जेएसी हेमंत मुंदड़ा, दीपक सोलंकी, अंशुल सैनी, विकास मित्तल, पावन माहेश्वरी ,बादल शर्मा, हर्ष अग्रवाल ने सप्ताह की जानकारी दी डॉक्टर अनिल पटेल अनुज खंडेलवाल मार्गदर्शक अनिल बाहेती, समाजसेवी सुनील जैन, पूर्व अध्यक्ष सतीश जैन ,अनिल गुप्ता, हरदीप छाबड़ा, रितेश चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे। आभार सचिव प्रिंस जिंदल ने माना कार्यक्रम का संचालन मनन सोनी ने किया।

कार्यक्रम में मोहिनीश साहू, सावन पालीवाल, शिवम अग्रवाल, प्रतीक जैन, सुरेंद्र सोलंकी, गोविंद शर्मा ने सहयोग किया। अध्यक्ष सुजाता मुरैना में बताया कि गुरुवार को गोरखपुर आगरा में गौरी कुंज सभागृह में आईएएस मोटिवेशन, वाद विवाद प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, तत्काल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा।




# एनसीसी के शिविर में आयोजित किया गया आपदा प्रबंधन डेमोंस्ट्रेशन



नवभारत न्यूज

**खंडवा। पॉलिटेक्निक कॉलेज, हरसूद में आयोजित हो रहे एनसीसी बटालियन के प्रशिक्षण शिविर में होमगार्ड्स एवं एसडीईआरएफ टीम खण्डवा द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर डेमोंस्ट्रेशन दिया गया।**

डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट होमगार्ड्स आशीष कुशवाह ने बताया कि डेमोंस्ट्रेशन के दौरान एनसीसी कैडेट्स को पेशेंट लिफ्टिंग एवं मूविंग मेथड, सीपीआर, सर्पदंश, आग बुझाना, बाढ़, भूकंप तथा आकाशीय बिजली जैसे विषयों की जानकारी दी गई। एनसीसी कैडेट्स ने एसडीईआरएफ जवानों के साथ मिलकर आपदा प्रबंधन उपकरणों को चलाने का अभ्यास किया। डेमोंस्ट्रेशन के दौरान गैस सिलेण्डर में लगी आग को कैसे बुझायें, इसका लाइव प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स मौजूद थे। डेमोंस्ट्रेशन तथा अभ्यास सत्र प्लाटून कमाण्डर रविन्द्र महिवाल ने होमगार्ड्स तथा एसडीईआरएफ जवानों के साथ सम्पन्न किया।

# नाबालिक का अपहरण व दुष्कृत करने वाले को कोल्हापुर से पकड़ा

नवभारत न्यूज

**खंडवा। पुनासा चौकी में एक नाबालिक बालिका का अपहरण और दुष्कृत करने वाले लोकल आरोपी को पकड़ा है। उससे बालिका को भी बरामद किया गया। आरोपी बच्ची को बहलाकर कोल्हापुर महाराष्ट्र ले गया था।**

पुलिस ने छानबीन कर इसे कोल्हापुर से पकड़ लाई। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### परिजन व पुलिस खोजते रहे

02. जुलाई 2025 को एक फरियादी ने चौकी पुनासा में रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिक लडकी बिना बताए घर से कही चली गई है। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना नर्मदानगर मे अपराध क्रमांक 166/25 धारा 137(2) का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

### मोबाइल लोकेशन ने पकड़ाया

संदेही व अपहर्ता की तलाश के दौरान तकनिकी सहायता में मोबाइल सबसे ज्यादा कारगर रहा। चौकी प्रभारी पुनासा उनि राजेन्द्र सयदे, सउनि. बृजकिशोर कश्यप प्र.आर. क्र.-428 सत्येन्द्र की टीम गठित कर मोबाइल की लोकेशन पर भेजा गया। उक्त टीम द्वारा ग्राम वडंगे जिला कोल्हापुर महाराष्ट्र से अपहृता नाबालिक बालिका को आरोपी रोहित पिता प्रेमसिंग अवासे निवासी ग्राम हनुमंतिया के कब्जे से बालिका को बरामद कर दस्तयाब किया गया। बालिका व आरोपी रोहित को लेकर चौकी पुनासा आए। एवं अपहृता के कथन अनुसार प्रकरण में धारा-87,64 (2)m एवं 5 L/6 पाक्सो एक्ट लागू कर दिया गया।

### जेल में रहेगा आरोपी

आरोपी को विशेष न्यायालय खण्डवा के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से आरोपी रोहित को विशेष न्यायालय खण्डवा द्वारा जेल वारण्ट प्राप्त होने पर आरोपी रोहित को जिला जेल खण्डवा मे दाखिल किया गया।

# कालाआम वन सुरक्षा समिति में नए अध्यक्ष को चार्ज नहीं, पुराने बांट रहे रेवड़ी

नवभारत न्यूज

**खालवा।** वन सुरक्षा समिति कालाआम रेंज सामान्य सिंगाजी मैं संवेदनशील मामला आया है। नए अध्यक्ष को चार्ज नहीं दिया जा रहा है। कार्यकाल खत्म होने के बावजूद समिति में आई राशि मनमाने तरीके से पुराने पदाधिकारी द्वारा बांटने के आरोप लगे हैं। विभाग का कहना है कि इसकी जांच की जाएगी।

समिति अध्यक्ष चुनाव 16 जून को हुए। फिरोज पिता रमजान खान को वन सुरक्षा समिति कालाआम का अध्यक्ष वोटिंग द्वारा चुना गया है।

### पूर्व अध्यक्ष ने चार्ज नहीं दिया है

क्षेत्र के लोगों ने आरोप लगाया है कि पूर्व अध्यक्ष रामदास पिता रामप्रसाद एवं समिति सचिव ओम प्रकाश कलाम वनपाल के हस्ताक्षर से राशि का हरण किया जा रहा है। लगभग 12 लाख रुपए की राशि मार्च 2025 मैं जमा हुई थी। जिसका 50% 6 लाख रुपए राहत राशि के रूप में मजदूरी का भुगतान करना था, लेकिन कई मजदूर का भुगतान आज तक नहीं किया गया। जिसमें मिश्रीलाल पिता बाबू निवासी कलाम ,पंचम पिता बुद्धू निवासी कलाम ,सुखलाल पिता मंगल, फूलचंद मिश्रीलाल ,रतनलाल मांगीलाल, विश्राम इन लोगों को राशि वितरित नहीं की गई। हीरापुर और जोगीबीड़ा के मजदूरों को वितरित राहत राशि दी गई है। वहीं ग्रामीण एवं राहत राशि वाले मजदूरों और ग्रामीणों ने इस संबंध में रेंजर रमेश गहलोत को शिकायत की है।

इस संबंध में डिप्टी रेंजर शिवराम पाटिल एवं वनपाल ओमप्रकाश कलाम ने बताया की कुछ मजदूरों का केवाईसी एवं खाता दुरुस्त नहीं होने के कारण के खाते में राशि अभी जारी नहीं हुई है। लेकिन शीघ्र ही खाता दुरुस्त होने पर राशि डाल दी जाएगी।

**पार्षद दल की बैठक** — संगठनात्मक विषयों के अलावा स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा हुई

# पार्षद व शहर के कांग्रेसी मिलकर निगम की कार्यप्रणाली को घेरेंगे

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। सुस्त पड़ी कांग्रेस में नई जान फूंकने के लिए कार्यकर्ता फिर एकजुट होने लगे हैं। शहर अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी पार्षदों को एकत्रित कर नई रणनीति बनाई गई। इसमें शहरवासियों के हित और सत्तारूढ़ परिषद की मनमानी सभी पर चर्चा की गई।**



बुधवार को खंडवा नगर निगम में कांग्रेस के समस्त पार्षद दल की बैठक का आयोजन गाँधी भवन कांग्रेस कार्यालय में किया गया । सबने मिलकर जनता की समस्याओं और कांग्रेस के सशक्त संगठन निर्माण का संकल्प लिया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकत है, कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों ने स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की, जैसे बिजली, पानी और सड़क सहित अन्य जनमानस के मुद्दों पर चर्चा की

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। हमें बूथ स्तर पर जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और हल करना है। आने वाला समय चुनौतीपूर्ण है। लेकिन हमें एकजुट होकर कांग्रेस का परचम फिर से लहराना है।

बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों के अलावा स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा हुई।

पार्षदों ने बिजली, पानी, सड़क और अन्य जनसमस्याओं को लेकर सुझाव रखे, जिस पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि हम सब एकजुट होकर जनता की समस्याओं को उठाएंगे एवं उनके समाधान को लेकर आंदोलन करना पड़ा तो वो भी करेंगे।

### बैठक में ये मौजूद थे

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लु राठौर, मो.शब्बीर क़ादरी, शेख फरिद, असलम गौरी, बबलू पटेल, मुमताज बी, मोइज खान, शराफत खान, प्रतिभा मनोज कसेरा, मनोज मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधि, दिव्यांश ओझा, रितेश मेलूंदे, सहित कांग्रेस महापौर प्रत्याशी प्रतिनिधि अमित मिश्रा भी मौजूद थे।